फ़ार्माकोपिय्या यऋने करावादीन (शहर) लण्डन् का जो दारुस्सल्तनत् इङ्गलेण्ड का है ॥

इङ्गलेण्ड मे तोलने के बाँट् दो तरह के होते हैं एक तो वह बाँट् जो काँटे में पड़ते हैं और दूसरे जो तराज़ू में पड़ते हैं उन् बाँटों को जो काँटे में पड़ते हैं अंग्रेज़ीज़बान् में (ट्रई वैट्) कहते हैं इस बाँट् से दवाएँ तोली जाती हैं और अंग्रेज़ी में उन् बाँटों के जुदे जुदे नाम और वज़न् और निशान् इस् किताब में ज़िकर किये जाते हैं ॥

॥ सूखी दवाओं के बाँट् ॥

२०	ग्रेन	१ स्क्रुपिल्	℈
३	स्क्रुपिल	१ ड्राम्	ʒ
८	ड्राम्	१ औन्स	℥
१२	औन्स	१ पौण्ड	℔

विलायत् में अरक़ और तेल और शराव ऐसी ऐसी क़िस्म की चीज़ों को नापने के लिये एक ही तरह के वज़न हैं जिसको अंग्रेज़ी ज़बान् मे (इम्पीरियल् मेज़र) कहते हैं ऐसी दवाइयों के नापने के लिये के

किसिम् है कि जैसा नीचे लिखा है॥

१ ग्यालन में ······ ८ पैएट हैं।
१ पैएट में ······ २० औन्स् हैं।
१ औन्स में ······ ८ ड्राम् हैं।
१ ड्राम् में ······ ६० (मिनिम्)यञ्ने बुन्द हैं।

हावन्दस्ते चोंगे तराजू और जो वर्तन् कि दवा के रख्ने तोल्ने कूटने में काम् आते हैं चाहिये कि ताम्बे या शीशे से बनाए नहीं॥

काँच की शीशियाँ और पत्थर् की खरल् और मिट्टी के बासन् और लोहे के हावन्दस्ते यही इस् कार्खाने में चाहियें.॥

जो तेजाब् और खटाई और खार और यवक्षार और जो चीजें कि मिट्टी से और हरएक् धात् से बनाई जाती हैं उन् सब्को काँच की शीशियों में बन्द कर् रखा चाहिये.॥

विलायत (इङ्गलेण्ड) में एक जन्तर तैयार हुआ है कि उससे हवा और पानी के गरम् होने का दर्जः यह जाना जाता है और नाम इस् जन्तर का (फारन्हेट थर्मामेटर) है यञ्ने (फारन्हेट) साहब् का जन्तर हवा की गर्मी देखाने वाला और जहाँ दवा के बनाने में खौल्ते पानी की गर्मी लिखी जावे, वहाँ

दो सौ बारह दर्जः जन्तर मज़कूरके समझा चाहिये और धीमी आँच जहां ज़िकिर की जावे. वहां नव्वे से एक सौ दर्जः तक मअलूम करना चाहिये॥

जहां किसी चीज़ का खास वज़न् यअ्ने असली वज़न् लिखा जावे. वहां उसको गर्मी का दर्जः पचपन् समझा चाहिये॥

जब् किसी चीज् के टपकाने या गाढा करने या सुखाने के लिये इतना दर्जः गर्मी का कि जितना पानी के खौलने मैं होता है यअ्ने दो सौ बारह दर्जः दर्कार होवे तब एक जन्तर इस् को अंग्रेज़ी ज़बान् मैं (वाटरबाथ्) कहते हैं यअ्ने पानीका जन्तर काम मे आता है तर्कीब् इस् जन्तर की यह है कि एक बर्तन् मे पानी देकर गर्म कर्ते हैं और इस् गर्म पानी मैं बर्तन् को कि जिस मैं दवा है रखकर आँच कर्ते हैं॥

जब किसी दवा मैं कड़ी आँच देना दर्कार होवे तब् (सेंगडबाथ्) यअ्ने बालूकाजन्तर चाहिये और तर्कीब् इस् जन्तर की यह है कि एक लोहे के बर्तन् मैं बालूको भरकर आँच दें जिस वक्त की यह बालू गर्म हो जावे उस् वक्त दवा के बर्तन् को इस् जन्तर मे रखे और आँच दिया करैं॥

॥ दवा बनाने की तर्कीब् ॥

लाटिन् ।	अंग्रेज़ी ।
असिडा	असिड्स

लाटिन् ।	अंग्रेज़ी ।
असीडम् डिष्टिल्लेटम् ।	दिष्टिलेड् विनिगर् ।

हिन्दी ।

टपकाया हुआ सिर्का ।

सिर्का .... ८ पैएट

सिर्के को एक (रिटार्ट) यन्त्रने आतसी शीशे में डाल कर् वालूके जन्तर मे रखे और आतशीशीशे के मुह में और एक काँच का वर्तन् मिलाके सिर्का टपकावे जो सात् पैएट पहले आवे. उसे रख् छोडे. ॥

लाटिन् ।	अंग्रेज़ी ।
असिडम् असेटिकम् ।	असेटिक् असिड ।

असिटेट् आव् सोडा .... २ पौएड

सल्फ्युरिक् असिड .... ९ औन्स

पानी टपकाया हुआ............ ६ औन्स

असिटेट आव् सोडा के एक आतसी शीशे में

रखकर सल्फ्युरिक् ऋसिड् को पानी में मिलाकर इस पर डाले और बालू के जन्तर में रखकर टपकावे. आखरी के वक्त हुसियार रहैं कि आँच सिवाय न होने पावें. ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
असीटम् क्यान्थारिदिस्।	विनिगर आव् क्यान्थारिदिस्।

हिन्दी।

नेत्ती का सिर्का।

नेत्ती की वुक्री	२ औन्स
असेटिक् असिड	१ पैंट

नेत्ती की वुक्री को आठ रोज़ तक असिड में भिगा रखे और वार वार हिलाते रहैं इस के वाद निचोड़कर छाँन लेवें ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
असीटम् काल्चिसै।	विनिगर् आव् मेडोसाफ्रन्।

मेडोसाफ्रन् की गाठ कत्ती की हुई	१ औन्स
सिर्का टपकाया हुआ	१६ औन्स

प्रुफ् स्पिरिट्......................	१ श्रौन्स

एक ढके ऊये शीशेके वर्त्तन मेँ मेडो साफरन को सिर्का मे तीन रोज़ तक भिगाय रखे इस के वाद निचोड़ कर छाँन लेवेँ श्रौर निराले मे रखे ता के गाद नीचे वैठ् जावे फिर् निथ्रा ऊश्रा पानी मेँ स्पिरिट् को डालकर रख् छोडे.॥

लाटिन्। श्रंग्रेज़ी।

श्रसीटम् सिल्ली। विनिगर श्राव् स्कुइल्।

स्कुइल ताज़ः सुखलाया ऊश्रा......	१५	श्रौन्स
सिर्का टपकाया ऊश्रा	६	पैण्ट
प्रुफ् स्पिरिट	॥०	पैण्ट

एक ढके ऊथे शीशे के वर्तन् मेँ स्कुइल को सिर्का के साथ भिगावे. श्रौर चौवीस घण्टे तक् धीमी श्राँच पर रखे इस् के वाद श्ररक् को निचोड़ लेवे श्रौर रख छोडे. ता कि गाद वैठ् जावे फिर निथ्रा ऊश्रा पानी मेँ स्पिरिट् को डालकर मिलावे.॥

लाटिन्। श्रंग्रेज़ी।

श्रसिडम् वेञ्जोएकम्। वेञ्जोएक् श्रसिड्।

हिन्दी।

लोबान का सत् उड़ाया हुआ।

बेञ्जोएन यानें लोबान् .... १ पौण्ड

लोबान् को काँच के बर्तन् मेँ रखकर और दूसरे काँच के बर्तन् को औंधा करकें नीचे के बर्तन् को ऐसा ढाँके कि दोनो बर्तन् का मुह खूब मिल जाय् तब इस् बर्तन् को वालू के अन्दर मेँ रखकर आँच दे उसकी गर्मी का अन्दाजः तीन सौ दर्जे तक् पहुँचे और आँच की गर्मी से जो चीज़ कि लोबान् से उड़ कर ऊपर के बर्तन् मे लग जावे इस् सत् को छोड़ाकर जाज़िब् कागज़ मेँ रखकर इत्ना दबावेँ कि जितना चिकनाई इस् सत् मेँ होवे, कागज् मेँ खिँच जावे, बाद् इसके फिर सत् को नीचे के बर्तन् मेँ रखकर उसी तर्कीव् से आँच देवेँ मगर चाहिये कि आँच का दर्जः चार सौ से जियादः न होवे और इस सत् को ऊपर के बर्तन् से छोड़ाकर काँचके बर्तन् मेँ रख छोडे.।

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
असिडम् सिट्रिकम्।	सिट्रिक् असिड्।

हिन्दी।

नेम्बूका रस जमाया हुआ।

नेम्बूका रस	४ पैराट
खडीमिट्टीसाफ की हुई	४॥ औन्स
डैलुटिड सल्फ्युरिक आसिड यअने गन्धक का तेजाव पानी मिलाया हुया	२७॥ औन्स
पानी टपकाया हुआ	२ पैराट

नेम्बू के रसको गरम् करके इस में थोड़ी थोड़ी खड़ी मिट्टी डालकर अच्छी तरह घोंटे जब कि खटाई नेम्बू की खड़ी मिट्टी म मिल जावे और पानी रस का जुदा हो जावे. तब उस पानी को ढल्का देवें. और जो चीज़ कि वर्तन में रह जाती है उस को अंग्रेज़ी में (सैट्रेट आव लैम्) कहते है यअने नेम्बूका रस और चूना मिलाया हुआ फिर इसी गाढी चीज़ को कई दफ़ा गरम पानी से धोवे. ता कि बुक्नी खूब साफ़ हो जावे. और जो इस में पानी रह जावे. उस्को फेंक कर बुक्नी को सुखा डाले तब इस बुक्नी में डैलुटिड सल्फ्युरिक आसिड और टपकाया हुआ पानी

डालकर पाव घण्टे तक आगपर पकाकर कपडे. से खुब निचोड़ के जाज़िब कागज़ में छाने ता कि पानी खूब साफ हो जावे. और इस छाने हुये. पानी को धीमी आँच से आहिस्ते आहिस्ते जला के उतार ले कि यह चीज़ ठण्ढी हो जावे. और इस की कल्म बंधे अगर इन्हीं कल्मों को ताज़े पानी में दो तीन बार गलाकर छाने और सुखावे. तो (सिट्रिक असिड्) की कल्मे बख़त् साफ् हो जावें. ।

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

असिडम् हैड्रोक्लोरिकम्। हैड्रोक्लोरिक् असिड्।

हिन्दी।

नमक् का तेज़ाब्।

क्लोरैड आव् सोडिअम सुखलाया हुआ	२	पौण्ड
सल्फ्युरिक् असिड …………………	२०	औन्स
टपकाया हुआ पानी ……… ………	२४	औन्स

पहले सल्फ्युरिक असिड और १२ औन्स पानी काँच के (रिटार्ट) यअ़्ने देग में मिलाकर रख छोडे. तब इस में (क्लोरैड् आव् सोडियम्) डालकर गलावे.

और १२ औन्स पानी जो बाकी रह गया है सो यह पानी (रिसिवर) अपने गङ्गाल में डालकर उस का मुह आतशी शीशे के साथ मिलाकर वालू के अन्तर में रखे और हौले हौले आंच बढावे जब तक तेजाव टपकने लगे ॥

लाटिन् ।	अंग्रेज़ी ।
असिडम् हैड्रोक्लोरिकम् डैलूटम् ।	डैलूटिड हैड्रोक्लोरिक् असिड् ।

। नमक् का पतला तेजाव् ।

हैड्रोक्लोरिक् असिड् नापा हुया ४ औन्स
टपकाया हुआ पानी .... १२ औन्स
इन् दोनों को मिलाकर रख् छोडे ॥

लाटिन् ।	अंग्रेज़ी ।
असीडम् नैट्रिकम डैलुटम् ।	डैलुटिड् नैट्रिक् असिड् ।

सोरे का पतला तेजाव् ।

नैट्रिक् असिड नापा हुआ ...... १ औन्स

टपकाया हुआ पानी ············ ६ औन्स
इन दोनों को मिलाकर रख छोड़े ।

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
असिडम् फास्फारिकम् डैलूटम्।	डैलूटिड् फास्फारिक् असिड।

फास्फरस् ······················ १ औन्स
नैट्रिक असिड् नापा हुआ ······ ४ औन्स
पानी टपकाया हुआ ············ १० औन्स

पानी में असिड् को मिलावे, और एक आतशी शीशे में रखकर फास्फरस् को इस में डाले और बालूके जन्तर पर रखकर आँच करे ता कि आठ औन्स अरक टपकआवे, और इस को फक देवे, जो चीज़ आतशी शीशे में रह जावे, उस को एक प्लाटिना धात् के कटोरे में रखकर जलावे, जब दो औन्स छः ड्राम बाकी रह जावे, तब उस पर ठण्ढा होने के बाद इतना टपकाया पानी डाले कि जिन्ने में अठाइस औन्स भरपूर होवे, ।

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
असिडम् सल्फ्युरिकम् डैलूटम्।	डैलूटिड् सल्फ्युरिक् असिड।

हिन्दी।

गन्धक् का पतला तेज़ाव्।

सल्फ्युरिक् असिड नापा हुआ …… १॥ औन्स
टप्का हुआ पानी …………… १४॥ औन्स

सल्फ्युरिक् असिड् को इस् पानी म थोड़ा थोड़ा डालकर मिलावे।

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
असिडम् टार्टारिकम्।	टार्टारिक् असिड्।

बैटार्ट्रेट् आव् पोटास् …………… ४ पौण्ड
टप्काया हुआ पानी खौला हुआ २॥ ग्यालन्
खड़ी मिट्टी साफ़ की हुई …२५ औन्स ६ ड्राम्
डैलूटिड सल्फ्युरिक् असिड… ७ पैण्ट १७ औन्स

हैड्रोक्लोरिक् असिड् १ पैण्ट ६॥ औन्स यत्नने जत्ना दरकार होवे।

वैट्रेट् आव् पोटास् को २ ग्यालन पानी मेँ खौलावें. और इस् मेँ आहिस्ते आहिस्ते आधा खड़ी मिट्टी डालें उबल जाने के बाद खड़ी मिट्टी का बाकी पहले हैड्रे क्लोरिक् असिड् मेँ ४ पैण्ट टपकाया हुया पानी के साथ गलाकर मिलावे. फिर रख् छोडे. कि टार्ट्रेट् आव् लैम नीचे बैठ जावे. पानी को ढलकाकर (टार्ट्रेट् आव् लैम्) को बार बार टपकाया पानी से धोवे. ता कि मज़ा कुछ न रहे फिर उस पर् डैलूटेड् सल्फ्यरिक् असिड डालकर पाव घण्टे तक् पकावे. अर्क को छानकर धीमी आँच से सुखलावे. कि कल्मे बंधें और कल्मों को दो तीन बारं पानी मेँ गलावे. और छानकर पकावे. और रख् छोडे. तो साफ होवे. ॥

। इथीरिआ ।

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
इथर सल्फ्युरिकस्।	सल्फ्युरिक् इथर्।
रिकटिफैड स्पिरिट …… ……	३ पौण्ड

सल्फ्यूरिक् असिड् .... २ पौण्ड

कार्बोनेट् आव् पोटास पेस्तर } १ औन्स
जलाया हुआ ......

रिटार्ट यानी आतशिशीशे मेँ दो पौण्ड स्पिरिट् रखकर इसी मेँ सल्फ्यूरिक् असिड् आहिस्ते आहिस्ते डालकर मिलावे. इस के बाद बालूके जन्तर पर बैठावे. और इतनी आँच करै कि जितने मेँ यह मिली हुई चीज़ जल्दी खौले और जो इथर कि इस मेँ से टपके सो एक बर्तन मेँ आजावे. और यही बर्तन को बरफ् पानी से ठण्ढा रखे और टपकाते रहै जबतलक कुछ गाढी सी चीज़ देखाई देवे. जो चीज़ आतशिशीशे मेँ रह जावे. उसी मेँ ठण्ढा होने के बाद बाकी स्पिरिट् डालकर मिलावे. फिर इथर इसी तरह से टपकावे. इन टपकाए हुए अर्कों को मिलावे. और ऊपर का हिस्सा ढलकाय कर इशी मेँ कार्बोनेट आव् पोटास् डाले और एक घण्टे तक बार बार हिलावे. फिर एक बडे. आतशिशीशे मेँ रखकर टपकावे. और अच्छी ठेपीदार शीशे मेँ रख छोडे.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
ओलियम् इथीरीयम्।	इथारियल् आइल्।

रिक्टिफैड् स्पिरिट्.............. २ पौगड
सल्फ्युरिक् असिड्.............. ४ पौगड
सोलूशन् आव् पोटास्............ १ औन्स
या जितना दर्कार होवे.॥
पानी टपकाया हुआ .... १ औन्स
यानें जित्ना दर्कार होवे ॥

असिड में स्पिरिट को वक़्त् ख़ुशयारी से मिलावे. और इस को आँच पर रखकर टपकावे. और जब् काला फ़ेन उठे तब आँच पर से तुरन्त उतार लेवे. और हल्की चीज़ को भारी चीज़ से जुदा करके एक रोज़ तक हवा में रखे और (सोलूशन् आव् पोटास्) को पानी में मिलायकर इसमें में डाले और एकसाथ हिलावे. फिर ख़ूब साफ़ होजाने के बाद् (ईथरियल आइल) जो नीचे बैठ जावे. जुदा करे॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
स्पिरिटस् इथिरिस् नैट्रिसै।	स्पिरिट् आव् नैट्रिक् इथर।

रिक्टिफैड स्पिरिट् .... ३ पौराड
नैट्रिक् असिड..................... ४ औन्स
इन् दोनों को मिलायकर बत्तीस् औन्स इथर टपका लेवें ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
स्पिरिटस् इथिरिस् सल् फ्युरिसा कम्पाजिटस्।	कम्पौराड स्पिरिट् आव् सल्फ्युरिक् इथर्।

सल्फ्युरिक् इथर .... ८ औन्स
इथिरिअल् आइल नापा हुआ... ३ ड्राम्
रिकटिफैड् स्पिरिट .... १६ औन्स
इन तीनो को मिलाकर रख् लेवे. ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
अल्कलैना।	अल्कोलिन्।

लाटिन।	अंग्रेज़ी।
अकानिटैना।	अकानिटैना।

अकानैट् का जड़ सुखलाय और कुटी की हुई ...... } २ पौराड

रिक्टिफैंड् स्पिरिट् .... ३ ग्यालन
डैल्यूटिड् सल्फ्युरिक् श्रसिड जितना दर्कार होवे
सोलूशन् श्राव् श्रम्मोनिया जितना दर्कार होवे.
जानवरों को हड्डी के कोइला साफ़् की रूई
जितना दर्कार होवे. ।

एक श्रातशिशीशे मेँ जिसके मुह मे एक और
वर्तन् मिला होइ एक ग्यालन् स्पिरिट् के साथ
श्रकानैट् को एक घराटे तक् पकाकर स्पिरिट् को
ढलका लेवँ. फिर् एक ग्यालन् स्पिरिट् और जो
स्पिरिट् श्रागया है डालकर पकावे. श्रौर ढलका लेवँ.
इसी तरह श्रौर एकवार पकाकर श्रकानैट् को
निचोड़ लेवँ. श्रौर इन् श्रर्को को मिलाकर छान
लेवँ. श्रौर एक श्रातशिशीशे मेँ रखकर टपकावे.
जो चीज़ शीशे मेँ रह जावे. उस को इस तरह
पकावे. कि जिस् मेँ सत् के मुवाफिक् होजावे
इस को पानी मेँ गलायकर छान् लेवँ. श्रौर धीमी
श्राँच से पकावे. ताकि पीग के समान गाढा होवे.
इसी मे (डैलूटिड् सल्फ्यूरिक् श्रसिड) को पानी मेँ
मिलायकर इतने डाले कि जिस्मे म श्रकानिटैना

गलजावे. तव इस मे (शोलूशन आव अमोनिया) को डाले और जव अकानिटैना तल छट होवे. तव उस को फिर सल्फ्यूरिक असिड में पानी मिलायकर गलावे. इस के बाद कोइला मिलाकर बार बार पाव घण्टे तक हिलाकर छान लेवें. और इस छनी हुई चीज़ में फिर (सोलूशन आव अमोनिया) डाले ताकि अकानिटैना तल छट होवे. इस को धोवे. और सुखलाय लेवें. ॥

लाटिन।	अंग्रेज़ी।
लैकार अमोनिई।	सोलूशन आव अमोनिया।

हैड्रोक्लोरेट आव अमोनिया यानें नौशादर ··· ···	०१ औन्स
चूनेकी कली ························	८ औन्स
पानी ····························	२ पैंएट

पहले चूनाको पानी मे बुझाकर आतशिशीशे में रखे तव नौशादर टुकड़ा टुकड़ा करकें वाकी पानी में मिलाकर उसी वर्तन में डाले और पंद्रह औन्स तक (सोलूशन आव अमोनिया) टपका लेवें. ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
अम्मोनिइ सेस्कुइ कार्बोनास्।	सेस्कुइ कार्बोनेट् आव् अम्मोनिया।

हैड्रोक्लोरेट् आव् अम्मोनिया यानें नौशादर	१ पौण्ड
साफ् कि हुई खड़ी मिट्टी	१॥ पौण्ड

इन दोनो को अलग अलग बुकी करके मिलावे. और एक चौडे. मुह के आतशिशीशे में रखकर दूसरा काँच का वर्तन् उस के मुह से मिलाकर आँच देवे. जो चीज़ को उड़कर ऊपर के वर्तन् मे लग् रहे वो (सेस्कुइ कार्बोनेट् आव् अम्मोनिया) है और इन दोनों वर्तन् के मुह मिलाने मैं हुशयार् रहै कि मुह शीशे का थोड़ा सा खुला रहे ता कि भाप् के जोर से वर्तन् टुट् न जावे.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
लैकार अम्मोनिई सेस्कुइ कार्बोनेटिस्।	सोलूशन् आव् सेस्कुइ कार्बोनेट् आव् अम्मोनिया।

सेस्कुइ कार्वोनेट आव् अम्मोनिया……………………	४ औन्स
टपकाया हुआ पानी …………	१ पैराट

सेस्कुइ कार्वोनेट आव् अम्मोनिया को पानी मेँ गलावे. और छान लेवे. ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
लैकार अम्मोनिई असिटेटिस्।	सोलूशन् आव् असिटेट आव् अम्मोनिया।

सेस्कुइ कार्वोनेट आव् अम्मोनिया ४॥ औन्स य्या जितना दर्कार होवे.

सिर्का टपकाया हुया ………… ४ पैराट ॥

सेस्कुइ कार्वोनेट आव् अम्मोनिया को सिर्का मेँ डाले. जवतलक उवाल आवे. तवतलक डालते रहेँ ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
मार्फिआ।	मार्फिआ।

हैड्रो क्लोरेट आव् मार्फिआ …… १ औन्स

सोलूशन् आव् अम्मोनिया ······ ५ ड्राम्
पानी टपकाया ऊआ ········· १ पैण्ट

हैड्रोक्लोरेट् आव् मार्फिया को पानी में गलावे. और ईस्ती म (शोलूशन् आव् अम्मोनिया) को और एक औन्स पानी के साथ मिलावे. और इस् मिली ऊई चीज़ को खूब हिलावे. जो चीज़ तल छट् होजावे. उस् का टपकावे. ऊए पानी सें धोकर धीमी आँच से सुखलावे. ॥

लाटिन् ।	अंग्रेज़ी ।
मार्फिई असिटास्।	असिटेट् आव् मार्फिआ।

मार्फिआ ························· ६ ड्राम्
असेटिक् असिड् नापा ऊआ······ ३ ड्राम
पानी टपकाया ऊआ ········· ४ औन्स

पानी में असिड् को मिलायकर मार्फिआ पर डाले ता कि यह् गल जावे और इस् चीज़ को धीमीं आँच से गलावे. कि कलमें वंधें ॥

लाटिन् ।	अंग्रेज़ी ।
मार्फिआ हैड्रोक्लोरास्।	हैड्रोक्लोरेट् आव् मार्फिआ।

आफ्यून कच्ची की कूई............ १ पौण्ड
(क्लोरैड आव् लेड्) का कल्मे दो औन्स यअने जित्ना दर्कार होवे.

जानवरौँ की हड्डी को कोइला } ३॥ औन्स
साफ़् की कूई............ }

हैड्रोक्लोरिक् असिड् जित्ना दर्कार होवे.

पानि टप्काया हुआ जित्ना दर्कार होवे.

सोलूशन् आव् अम्मोनिया जित्ना दर्कार होवे.।

चार पैण्ट पानी मैँ आफ्यून को तीस घण्टे तक् भिगाकर कुचलाव. और वीस् घण्टे तक् रखकर्. निचोड लेवे और इसीतरह और दो वार करे ता कि जो चीज़ रह् जाव. उस् मैँ मज़ा न रहै इन् पानीयौँ का मिलायकर इत्ने आँच पर रखे कि जिस् का दर्जा एक सै चालिस से ऊपर नहोवे. और जब पाग के समान गाढा होजावे. तब इस् मैँ तीन पैण्ट टपकाया हुआ पानी डाले और जब सब गाद् बैठ् जावे तब निथ्रा हुया पानी ढल्काकर इस् मैँ दो औन्स यअने जित्ना दर्कार होवे. (क्लोरैड

आव् लेड् को) चार पैगट खौलते ऊपर टपकावे. पानी में गलायकर थोड़ा थोड़ा करके डालते रहैं और जब तल छट बन्द हो जावे. तब पानी कों ढल्काकर तल् छट को टपकाया पानी से धोवे. और इन् पानियौं को मिलायकर धीमी आंच पर पकावे. ता कि कल्मे बंधैं इन् कल्मौं को कपडे. से दबाकर एक पैगट टपकाया हुआ पानी में गलावे और इसी में डेढ़ औन्स कोइला डालकर इत्ने आँच मे पकावे. कि जिस् का दर्जा एक सौ बीस से सिवाय न होवे. और छान लेवें. फ़िर् कोइला को धोकर इन् पानियौं को हुसयारी से पकावे. ता कि साफ़ कल्मे बंधैं जो पानी पहले कल्मो से ढल्काया गया है उस् को एक पैगट पानी में मिलावें. और इसी में इत्ना (सालूशन् आव् अमोनिया) डालते रहै और बार बार हिलाते जावे. कि जित्ने में तामाम मार्फिआ तल छट होवे. इस को टपकाया पानी से धो लेवें. और इसे (हैड्रोक्लोरिक असिड्) में मिलावे. कि दोनो बराबर रहैं फिर इस् चीज़ को दो औन्स कोइला

मेँ मिलाकर छान् लेवँ. और इन् पानियोँ को हुसयारी से पकावे. ता कि साफ़ कल्मे वँधेँ ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।	
कैनी डैसल्फास्।	डैसल्फेट् आव् कैना।	
सिन्कोना कार्डिफोलिइ कुन्नो हुइ	७	पौराड
सल्फ्यूरिक् असिड्	६	औन्स
जानवरोँ के हड्डी के कोइला साफ़ की हुई	२	औन्स

हैड्रेटिड् आक्सैड् आव् लेड् जितना दर्कार होवे.
सोलूशन् आव् अम्मोनिया जितना दर्कार होवे.
पानी टप्काया हुआ जितना दर्कार होवे.॥

छः ग्यालन् टप्काया हुया पानी मेँ चार औन्स् दो ड्राम् असिड् को मिलावेँ. और इसी मेँ वार्क को डाल कर् एक घराटा तक् पकावे. और छान लेवँ. इसी तरह और एक् दफ़ा पकाकर छान लेवँ. इस् के वाद वार्क को आठ् ग्यालन् टप्काया हुआ पानी मेँ तीन घराटे तक पकाकर छान लेवे. जो कुछ रह जावे. उसको खौला हुआ टप्काया पानी से वार

वार धोकर इन् पानियाँ मेँ (आक्सैड आव् लेड्) को जब गीला रहे तब इत्ना डाले कि जिने मेँ थोड़ी सी खटाई रह जावे. निथ्रा पानी को ठण्ढा कर तलछट्ट को टपकाया पानी से धोकर और निथ्रा हुआ पानी के साथ पाव घण्टे तक् पकावे. और छानकर इस् मेँ थोड़ा थोड़ा कर्के सोलूशन् आव् अम्मोनिया डाल्ते रहे ता कि कैना तलछट्ट होवे. इस् को इस् तरह से धोवे कि जिस्से कुछ खट्टा न रहै जो चीज़ रह जावे. उस् मेँ बाकी असिड् को पतला कर्के मिलावे. कि न खट्टा न खार मालूम होवे. इस् के बाद इस चीज़ को दो औन्स कोइला के साथ मिलावे. और छान लेवे. फिर कोइला को खूब तरह से धोकर इन् पानीयाँ को हुसयारी से पकावे. ता कि कल्मेँ बंधेँ ॥

लाटिन् ।	अंग्रेज़ी ।
स्ट्रिक्निया ।	स्ट्रिक्निया ।
कुचिला कुच्ली हुई	२ पौण्ड

रिकटिफैड् स्पिरिट् .... ३ ग्यालन्

डैलूटिड् सल्फ्यूरिक् असिड जितना दर्कार होवे.

म्याग्निसिया जितना दर्कार होवे.

सोलूशन् आव् अम्मोनिया जितना दर्कार होवे.॥

एक रिटार्ट अथने आतशीशिशे मैं जिस् के मुह मे एक और वर्तन मिला होय एक ग्यालन् स्पिरिट् के साथ कुचिला को एक घण्टे तक् पकाकर स्पिरिट् को ढल्का लेवे. इसी तरह से जो चीज़ रह जावे. उस की एक ग्यालन् स्पिरिट् मैं और जो वर्तन् मैं आगया है और दो दफ़ा पकाकर ढल्का लेवैं. कुचला का निचोड़ लेवैं. और इन् अर्कों को मिलायकर छान लेवैं. और एक आतशी शिशे मैं रखकर टपकावे. जो चीज़ शिशे मैं रह जावे. उस को इसी तरह पकावैं. कि जिस् मैं सत् के मुवाफ़िक् होजावे. इस् को ठण्ढा पानी मैं गलायकर छान लेवे. और धीमीं आँच से पकावे ताकि पाग के समान गाढ़ा हो जावे. और इस मैं जब गर्म रहै तब इतना म्याग्निसिया

थोड़ा थोड़ा करके डाले कि जिस्से मेँ न खार न खट्टा रहै और हिलाते रहे दो रोज़ तक इस् मिली ऊई चीज़ को रखकर निथ्रा पानी को छल्का देवें. जो कुछ रह जावे. उस् का कपड़े से दवाकर स्पिरिट मेँ पकावे. और छानकर टपकावे. जो चीज़ रह जावे. उस् मेँ थोड़ा (डैलूटिड् सल्फ्युरिक् असिड्) पानी के साथ मिलायकर इस्मे डाले और धीमी आँच से गलायकर चौबीस घण्टे तक निराला मेँ रखे ता कि कल्मे वंधँ इन् कल्मोँ को कपडा से दवावे. और पानी मेँ गलायकर अमोनिया डाले और वार वार हिलाते रहे ता कि स्ट्रिकिनिया तल छट होवे. इस् को खौलता ऊआ स्पिरिट मेँ गलावे. और निराले मेँ रखे ता कि साफ़ कल्मे वंधँ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
विरेट्रिआ।	विरेट्रिआ।
सीवादिल्ला कुटी ऊई	२ पौण्ड
रिकटिफैड स्पिरिट	३ ग्यालन

डैलूटिड् सल्फ्यूरिक अ्सिड्
सोलूशन् आव् अम्मोनिया
जानवरों के हड्डी के कोइला साफ़ की हुई
म्यागनिसिया

इन् चारों को जितना दर्कार होवे।

एक रिटार्ट अपने आतशीशिशे में जिस् के मुह में एक और वर्तन् मिलाहोय एक ग्यालन् स्पिरिट् के साथ (सीवादिल्ला) को एक घण्टा तक् पकाकर स्पिरिट् को छल्का लेवे, इसी तरह से जो चीज़ रह जावे, उस को एक ग्यालन् स्पिरिट् में और जो स्पिरिट् वर्तन् में आगया है और दो दफ़ा पका कर छल्का लेवे. (सीवादिल्ला) को निचोड़ लेवे. और इन् अर्कों को मिलायकर छान लेवे, और एक आतशी शिशे में रखकर टपकावे. जो चीज़ शिशे में रह जावे. उस्को इस् तरह पकावे. कि जिस् में सत् के मुवाफ़िक् हो जावे. इस् चीज़ को तीनवार य्या चारवार पानी में थोड़ा (डैलूटिड् सलफ्यूरिक अ्सिड्) मिलायकर पकावे. और छानकर इन् चीज़ों को धीमी आँच से पकावे,

ता कि पाग के समान होजावे. जब ठण्ढा होवे. तब इस में इत्ना म्याग्निसिया डाले कि जित्ना में न खार न खट्टा होवे. और बार बार हिलाय कर निचोड़ लेवें. और दो तीन दफ़ा धोवे. जो चीज़ रह जावे. उसको सुखलाय कर स्पिरिट् में दो तीन दफ़ा धीमी आँच से पकावे. और इत्ने दफ़ा छान लेवे. इस के बाद स्पिरिट को टपका वे. और जो चीज़ रह जावे. उस को पानी में थोड़ा (सल्फ्युरिक् असिड्) और कोइला डाल कर पाव घण्टे तक पकाकर छान लेवें. कोइले को खूब तरह से धो लेवें और इन अर्कों को मिलायकर हुसियारी से पकावे. जब पाग के समान गाढ़ा हो जावे. तब इस में इत्ना (सोलूशन् आव् अम्मोनिया) डाले कि जित्ने में बिरेट्रिअ तल छट होवे. इस को जुदा करके सुखा लेवे. ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
आनिमालिया।	प्रीपेरेशन्स फ्राम आनिमेल्स।

वे चीज कि जानवरों से बनी हैं।

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
कार्वो अनिमालिस् प्युरिफैकेटस्।	प्युरिफैड् अनिमेल चार्कोल।

जानवरों के हड्डी के कोइला ······	१ पौराड
हैड्रोक्लोरिक् असिड् ············	१२ औन्स
पानी ·····························	१२ औन्स

पानी में (हैड्रोक्लोरिक् असिड्) को मिलायकर कोइलापर थोड़ा थोड़ा करके डाले और धीमाँ आँच पर दो रोज तक रखे और वार वार हिलाते रहे जिस के वाद निराले में रखे और निथ्रा कुआ पानी को ढल्काकर कोइला को वार वार पानी से धोवे, कि कुछ खट्टा पर मालूम न होवे. और इस् कोइला को सुखलाय कर रख छोडैं. ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
कार्नु इष्टम।	वर्एट हार्न।

हिन्दी ।

जलाया हुआ सींघ ।

सींघो के टुकड़ो को एक बर्तन् मेँ रखकर् इत्ना जलावे. कि जित्ने मेँ खूब सफेद् हो जावे. और जिस् तर्कीव् से खड़ी मिट्टी तैयार करते हैँ उसी तर्कीव् से बनावे.॥

लाटिन् ।	अंग्रेज़ी ।
टेष्टी प्रीपेराटी ।	प्रीपेरेड् शेल्स ।

हिन्दी ।

सीप् का चूना ।

पहले सीपोँ के मैल छुड़ा कर खौल्ते पानी मेँ धोवे. तब् जिस् तरह् से खड़ी मिट्टी तैयार किया जाता है उसी तरह् से सीप् भी बन्ता है॥

लाटिन ।	अंग्रेज़ी ।
आक्वी डिष्टिल्लाटी ।	डिष्टिल्लेड वाटर्स ।

लाटिन् ।	अंग्रेज़ी ।
आक्वा डिष्टिल्लाटा ।	डिष्टिल्लेड् वाटर् ।

हिन्दी।

टपकाया हुआ पानी।

पानी .... १० ग्यालन्

पहिले जो पानी कि भवके में दो पैग्ट तक् टपके उस् को फेंक् कर और आठ ग्यालन् पानी टपका कर शिशे में बन्द करके रखें॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
आका अनीथै।	दिल् वाटर।

हिन्दी।

एक किसम के सोए का पानी।

सोए का वीज कुल्ला हुआ ... १॥ पौग्ड

प्रुफ् स्पिरिट .... ७ औन्स

इन् चीजों से एक ग्यालन् पानी टपका लेवें॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
आका केरूआई।	केरुवे. वाटर।

हिन्दी।

विलायती जीरे का पानी।

केरुवे. याने केडवे. का वीज़ कुल्ला हुआ १॥ पौग्ड

प्रुफ् स्पिरिट् ………………… ७ औन्स
पानी ……………………………… २ ग्यालन्
इन् चीजों से एक ग्यालन् पानी टपका लेवें.।

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
आका फिनिक्युलै।	फेनिल् वाटर।

हिन्दी।

एक किसम के सोए का पानी।

फेनिल के बीज़ कुछे कुले. … १॥ पौण्ड
प्रुफ् स्पिरिट् ………………… ७ औन्स
पानी ……………………………… २ ग्यालन्
इन् चीजों से एक ग्यालन् पानी टपका लेवें.।

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
आका फ्लोरम औरन्सिई्।	आरञ्ज फ्लोर वाटर।

हिन्दी।

नारङ्गी के फूलका पानी।

नारङ्गी के फूल ……………… १० पौण्ड
प्रुफ् स्पिरिट् ………………… ७. औन्स

पानी .... २ ग्यालन्

इन् चीजों से एक ग्यालन् पानी टप्का लेवें ।

लाटिन्।	अंग्रेजी।
आका सिनामोमै ।	सिनामन् वाटर ।

हिन्दी।

टारचीनी का पानी।

कुच्ली हुई टारचीनी .... १॥ पौण्ड

या टारचीनी का तेल .... २ ड्राम्

प्रुफ् स्पिरिट .... ७ औन्स

पानी .... २ ग्यालन्

इन् चीजों से एक ग्यालन् पानी टप्का लेवें ।

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
आका मेन्थी पिपरिटी।	पिपरमिण्ट वाटर ।

पिपरमिण्ट सुखाई हुई ...... २ पौण्ड

या पिपरमिण्ट का तेल .... २ ड्राम्

प्रुफ् स्पिरिट .... ७ औन्स

पानी .... २ ग्यालन्

इन् चीजों से एक ग्यालन पानी टप्का लेवें ।

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
आका मेन्थी प्युलीज़िआई।	पेन्नीरोएईल वाटर।

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
आका मेन्थी विरिडिस्।	स्पिअर्मिएट वाटर।

हिन्दी।

पूदीने का पानी।

यह और पिपर्मिएट वाटर एक ही तर्कीव् से बन्ता है लेकन् जब ताज़ा बुटी टप्काने के लिये लेजावे तब दुहरा वज़न् ज़रूर लेवेँ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
आका पैमेएटी।	पैमेएटा वाटर।

पैमेएटा के दाने कुछे क्रूस्	१ पौण्ड
या पैमेएटा का तेल	२ ड्राम्
प्रुफ् स्पिरिट	७ औन्स
पानी	२ ग्यालन्

इन् चीज़ों से एक ग्यालन् पानी टप्का लेवेँ।

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
आका रोज़ी।	रोज़ वाटर।

हिन्दी।

गुलाव का पानी।

गुलाव के फूल की पत्तियाँ ...... १० पौण्ड
प्रुफ् स्पिरिट .... ७ औन्स
पानी .... २ ग्यालन्
इन् चीजों से एक ग्यालन् पानी टपका लेवें॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
आका साम्बुसै।	एल्डर वाटर।

एल्डर का फूल .... १० पौण्ड
या एल्डर का तेल .... २ ड्राम्
प्रुफ् स्पिरिट .... ७ औन्स
पानी .... २ ग्यालन्
इन् चीजों से एक ग्यालन् पानी टपका लेवें।

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
काटाप्लाज़्माटा।	काटाप्लाज़म्स।

हिन्दी।
लोवड़ी।

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
काटाप्लाज्मा कोनीआई।	काटाप्लाज़म् आव् हेमलाक्।

एक्सट्राक्ट आव् हेमलाक्...... २ औन्स
पानी .... १ पैण्ट

ईन् दोनो को मिलावे, और इतना कुट्टी रूई अलसी डाले कि जिना में लोवड़ी गाढ़ा होजावे.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
काटाप्लाज़्मा फर्मेण्टै।	इष्ट काटाप्लाज़म्।

मैदा .... १ पौण्ड
इष्ट यानें खमीर .... ॥० पैण्ट

इन दो को मिलाकर आँच करैँ जब कि खमीर की तरह फूल उठे तब उतार लेवें.॥

लाटिन।	अंग्रेज़ी।
काटाप्लाज़्मा लैनै।	काटाप्लाज़म् आव लिन्सिड्।

खौला हुआ पानी .... १ पैगट

अलसी बुकी की रूई जितना दर्कार होवे.

इन् दोनो को मिलावैं. ॥

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

काटाप्लाज़्मा सैनेपिस्। मस्टर्ड काटाप्लाज़्म्।

हिन्दी।

राई का लोवड़ी।

राई की बुकी .... ॥० पौग्ड

अलसी याने तीसी की बुकी ...... ॥० पौग्ड

राई और अलसी की बुकी में इतना खौला सिर्का डालैं कि जिन्ने में लोवड़ी बन् सके॥

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

सिरेटा। सिरेट्स।

लाटिन। अंग्रेज़ी।

सिरेटम्। सिरेट्।

जल्पाई का तेल नापा हुआ ... ४ औन्स

मोम …………………………	४ औन्स

मोम को आँच पर पिघ्ला कर इस् मेँ तेल को डाल् कर मिलावँ.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
सिरेटम् कलामिनी।	कलामैन् सिरेट्।

कलामैन् …………………………	॥० पौण्ड
मोम …………………………	॥० पौण्ड
जलपाई का तेल ………………	१६ औन्स

तेल मेँ मोम को डाल कर पिघ्ला के आग पर से उतार लेवँ. जब् कि ठण्ढा होने पर आवे. और गाढा होने लगे तब उस् मेँ (कलामैन्) को थोड़ा थोड़ा डाल्ते जावे. और जब् तक् कि ठण्ढा न हो जावे. तब् तक् घाँटते रहैँ॥

लाटिन।	अंग्रेज़ी।
सिरेटम् क्यान्थारेडिस्।	सिरेट् आव क्यान्थारेडिज़्।

तेखी मखी बारीक् बुक्नी की रुई १ औन्स

स्पर्मासीटी सिरेट् .... ६ औन्स

सिरेट् को पिघ्ला के इस् मैं तेल्ली मखी की बुन्नी डाल्ते जावे. और मिलावें.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
सिरेटम् सीटेसीआई्।	स्पार्मासिटी सिरेट्।

स्पर्मासिटी .... २ औन्स

सफेद् मोम .... ८ औन्स

जल्पाई का तेल .... १ पैग्ट

स्पार्मासिटी और मोम को पिघ्ला के इस् मैं जल्पाई का तेल डाल कर मिलावें. और जब तक् कि ठराढा न हो जावे. तब तक् दस्ते से घोंटते रहैं॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
सिरेटम् हैड्राजिरै काम्पासिटम्।	कम्पौराड सिरेट् आव् मर्क्युरी।

पारा का मरहम कड़ा .... ४ औन्स

साबुन का सिरेट् .... ४ औन्स

काफूर .... १ ड्रैन्म

इन् तीनो को एक साथ घोट लेवँ. जवतलक् वे. सब मिल जावँ. ॥

लाटिन् ।	अंग्रेज़ी ।
सिरेटम् प्लम्बै एसीटाटिस्।	सिरेट् आव् असीटेट् आव् लेड्।

असीटेट् आव् लेड बुक्नी की क़ई २ ड्राम्
सफेद् मोम् .... २ ड्रैन्म
जल्पाई का तेल .... ८ ड्रैन्म

सात ड्रैन्म तेल में मोम को पिघलाकर आँच पर से उतार लेवँ. और (असीटेट् आव् लेड्) का एक ड्रैन्म तेल में जो की वाकी रहा है घोलकर इस् में डाल्कर दस्ते से जब तक कि एसब अच्छी तरह न मिल जावँ. तब तक घोटते रहैं॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
सिरेटम् प्लम्बै काम्पासिटम्।	कम्पौण्ड लेड् सिरेट्।

सोलूशन् आव् डै असीटेट् आव् लेड्) नापा ऊआ ……	३ औन्स
मोम …………………………	४ औन्स
जलपाई का तेल …………………	१० औन्स
काफूर् ………………………	॥ ड्राम्

आठ औन्स तेल में मोम को पिघलाकर आगपर से उतार लेवें. जब कि ठण्ढा होने पर आवे. और गाढ़ा होने लगे तब इस् में (सोलूशन् आव् डै असीटेट् आव् लेड्) थोड़ा थोड़ा डालते जावे. और दस्ते से जब् तक् को ठण्ढा न होवे तब् तक् घोटते रहें काफूर को दो औन्स तेल में जो कि दस औन्स तेल से बच रहा है घोल कर इस् चीज़ में डाल कर मिलावें.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
सिरेटम् रेजिनी।	रेज़िन सिरेट्।

धूना ………………………	१ पौण्ड
मोम ………………………	१ पौण्ड
जलपाई का तेल ………………	१६ औन्स

मोम और धूने को एक साथ धीमी आँच पर पिघला के इस में जलपाई का तेल मिलावे. और इस को गरमा गरम एक कपडे. से निचोड़ लेवें.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
सिरेटम् साबेनी।	साबिन् सिरेट्ट ।
साबिन् पीसी हुई	१ पौण्ड
मोम	॥ पौण्ड
साफ़् की हुई चर्वी	२ पौण्ड

मोम और चर्वी को एक साथ पिघलाकर ईस् में साबिन् डाल कर मिलावें. और तुरन्त कपडे. से निचोड़ लेवें.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
सिरेटम् सापोनिस्।	सोप् सिरेट्ट ।
साबुन	१० औन्स
मोम	१२॥० औन्स
अक्सैड आव लेड् यानें मुर्दार सङ्ग बुक्की किया हुआ ...	१५ औन्स
जलपाई का तेल	१ पैण्ट

सिर्का .... ८ पैराट

सिर्के में मुर्दारसङ्ग को धीमी आँच से पकावे, और जब तक यह दोनो चिजें, अच्छी तरह न मिल्जावे, तब तक घोंटते रहें और इस में साबुन् को डाल्कर् आच कर्ते रहें जब कि यह मिलाई हुई चीजें, सूख जावे, तब इस में मोम को जल्पाई का तेल में गलाकर् मिलावें ॥

लाटिन् । | अंग्रेज़ी ।
कान्फेक्सिओनीज़ । | कान्फेक्सन्स ।

हिन्दी ।

दवाँयाँ का हलुवा ।

अगर कन्फेक्सन्स वक़्त् रोज के रखने से सूख कर सख्त हो जावे, तो उस् में थोड़ा सा पानी डाल कर मिलावें, ता कि जैसा था वैसाही नरम हो जावे ॥

लाटिन् । | अंग्रेज़ी ।
कानफेक्सिओ अमिग्डिली । | कान्फेक्सन् आव् आमन्स ।

हिन्दी ॥

बदाँम का हलुवा ॥

मीठा बदाँम .... ८ औन्स
गम आविक् यानि गोंद बबूली कूई १ औन्स
मिस्त्री .... ५ औन्स

पानी में बदाम को भिगाकर छिल्का छुड़ा के सब चीज़ पीस के खूब मिलाके रख छोड़े ॥

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

कान्फेक्सिओ आरोमाटिका। आरोमेटिक् कान्फेक्सन्।

दालचिनी .... २ औन्स
जायफल .... २ औन्स
लौङ्ग .... १ औन्स
इलायची .... ॥ औन्स
केशर यानि जाफरान् .... २ औन्स
खड़ी मिट्टी साफ़ की कूई ... १६ औन्स
मिस्त्री .... २ पौगड

सूखी चीज़ों को एक साथ कूट के पीसे जब

कि मिहीन हो जावे तब इस बुकनी को शिशे के बर्तन में बन्द करके रख छोडे. जब यह दवा जितनी दर्कार होवे. तब बर्तनही निकाल लेवें और पानी के साथ आहिस्ते आहिस्ते मिलाता जावे. कि हलूवा के समान् गाढा हो जावे.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
कान्फेक्सिओ औरान्सि आई।	कान्फेक्सिन् आव् आरञ्ज (पील)

नारङ्गि के ताज़ा छिल्का .... १ पौण्ड

मिस्री .... ३ पौण्ड

पत्थर के खरल में नारङ्गी के छिल्के को लकड़ी के दस्ते से कुचलकर इस में मिस्री डालकर जब तक कि अच्छी तरह ए दोनो न मिल् जावे. तब तक इस को पीसते रहैं॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
कानफेक्सिओ क्यासिई।	कान्फेक्सन् आव क्यासिआ।

हिन्दी।

अमलतास का हलुवा।

अमलतास का ताज़ा गूदा	॥० पौण्ड
य्यान्नाय्याने शीरखिस्त	२ औन्स
इमली का गूदा	१ औन्स
सिरप आव रोज य्याने गुलाब की पखड़ियों का पाग ...	८ औन्स

शीरखिस्त को कुचलकर पाग में गलावें. फि इस में दोनो गूदा को डालकर उस की गीला सुखलाय लेवें. ता कि हलुवा के समान गा हो जावे.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
कानफेक्सिओ ओपीआई।	कानफेक्सन् आ ओपिअम।

हिन्दी।

अफ्यून का हलुवा।

सख्त अफ्यून की बुकनी की उइ ...	६ ड्राम्
पीपल	१ औन्स

सोंठ .... २ ड्रैम्स

क्यारवे यानै विलायती जीरा ...... ३ ड्रैम्स

ड्रागाकान्थ की बुक्नी याने कतीरा ... २ ड्राम

मिस्री का शीरा .... १६ ड्रैम्स

इन् सब सूखी चीजों को एक साथ कूट्के पीसे जब् की बहुत् महिन हो जावे. तब इस् बुक्नि को शिशे के बर्तन् में बन्द करकें रख् छोडे और जब दवा दर्कार होवे. तब् उस बुक्नि को १६ ड्रैम्स् गर्म किये. हुये. शीरे में मिलावें॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
कानफेक्सिओ पिपिरिस नैग्रै।	कन्फेक्सन आव् ब्लाक् पेपर।

हिन्दी।

काली मिर्चों का हलुवा।

कालि मिर्च .... १ पौराड

इलीकेम्पेन् रूट् .... १ पौराड

फेनिल सिड याने सोए के बीज़... ३ पौराड

सहद साफ की हुइ .... २ पौगड

मिस्री .... २ पौगड

सूखी चीज़ों को वारीक बुक्नी करके शीशे के वर्तन में बन्द करके रख छोडे. जब वे दवा दर्कार होवे. तब बुक्नी में सहत मिलायकर खूब घोंट लेवे. ॥

लाटिन्। — अंगेज़ि।

कानफेक्सओ रोज़ी कानैनी। — कान्फेक्सन् आव डाग् रोज़् (हिफ्स)।

हिन्दी।

सदा गुलाब का हलुवा।

डाइ रोज़् याने सदा गुलाब का फूल (गूदा) ... ... } १ पौगड

मिस्री बुक्नी की हुई .... २० औन्स्

एक मिट्टी के वर्तन् में गूदा को धीमे आँच पर रखकर मिस्री थोडे. थोडे. करके डालते रहे

ग्रौर जबतक् न खूब मिलजावे, तब तक घोटते रहैं ॥

लाटिन् । ग्रंग्रेज़ी ।

कान्फेक्सिग्रो रोज़ी ग्यालिसि । कन्फेक्सन् ग्राव् रेड् रोज़् ।

फारसी ।

गुलकन्द ।

गुलाब की पखड़ीयाँ .... १ पौग्गड

मिस्री .... ३ पौग्गड

पत्थर के खरल मैं गुलाब की पखड़ीयाँ को कुचलकर इस् मैं थोड़ी थोड़ी मिस्री डालकर पीस के ग्रच्छी तरह मिलावैं ॥

लाटिन् । ग्रंग्रेज़ी ।

कान्फेक्सिग्रो रूटी । कान्फेक्सन् ग्राव् रू ।

हिन्दी ।

सुदाब ग्यान तिल्ली का हलुवा ।

रू सूखी ऊई .... १॥० ग्रौन्स

क्यारवे य्याने विलायती जीरा ··· १॥० ग्रौन्स
वेवेरिङ्ग् य्याने हब्बुलगार ······ १॥० ग्रौन्स
सागापीनम् य्याने सक्वीनज् ॥० ग्रौन्स
काली मिर्च ······ ······ ······ २ ड्राम्
सहत् साफ किया हुआ ······ १६ ग्रौन्स

सूखी चीज़ों को पीसकर बुक्नी कर्के शीशे के वर्तन् में बन्द कर्के रख छोड़े जब ए दवा दर्कार होवे. इत्ना सहत की जित्ना ऊपर लिखा है उत्ना बुक्नी के साथ हमाम दस्ते में खूब घोंट लेवें. ।

लाटिन् ।	अंग्रेज़ी।
कान्फेक्सिओ स्का मोनीआई।	कान्फेक्सन् आव् स्कामोनी।

हिन्दी।

सक्मोनिआ का हलुवा।

स्कामोनी की बुक्नी किया हुआ १॥० ग्रौन्स
लौङ्ग कुत्नी हुई ··············· ६ ड्राम

सोँठ की वुक्नी …………………	६	ड्राम्
आइल आव क्यारवे याने विला यती जीरा का अतर नापा ऊआ	॥०	ड्राम्

गुलाव को परवड़ियाँ का पाग जितना दरकार होवे सूखी चीजोँ को एक साथ पीस के जैसा आगे लिखा है वैसा करे लेकन् सव से पीछे जीरे का अतर मिलावेँ.॥

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

कान्फेक्सिओ सेन्नी। कान्फेक्शन् आव् सेन्ना।

।हिन्दी।

सना का हलुवा।

सना ………………………	८	औन्स
अञ्जीर …………………	१	पौगड
इम्ली का गूदा ………… …	॥०	पौगड
अमलतास् का गूदा …… …	॥०	पौगड
प्रनस याने सुखलाया ऊआ आलुवुखारे का गूदा …	॥०	पौगड
धनियाँ ………………………	४	औन्स

मुलहटी .... ३ औन्स
मिस्री ... . २॥० पौण्ड
पानी ... . ३ पैण्ट

सना और धनियाँ के बीज़ को एक साथ पीस कर बारीक छलनी में छाने जब कि दश औन्स महीन बुकनी छन चुके फेर अञ्जीर और मुलहटी के साथ पानी में पकावे जब कि आधा पानी ज्वल जावे, तब कपड़े में डाल कर निचोड़ ले और इसी अर्क को पानी के जन्तर में रख के आँच करै जब चौवीस औन्स बाकी रह जावे, तब इस में मिस्री डाल कर पाग तैयार करै और थोड़ा थोड़ा रस पाग से लेकर इम्ली और अमलतास और आलूबुखारे के गूदे को और अगली छानी हुई बुकनी को इस में अच्छी तरह मिलाकर रख छोड़े. ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
डिकाक्टा।	डिकाक्सन्स।
फार्सी।	हिन्दी।
जोशान्दः।	काढा।

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
डिकाक्टम् आलोईज् काम्पासिटम्।	कम्पौगड डिकाक्शन् आव् अलोज्।

हिन्दी।

मुसब्बर का जोशान्दः मिलाया हुआ॥

जेठी मध का एक्सट्राक्ट् याने सत्	७	ड्राम्
कार्बोनेट् आव् पोटास्	१	ड्राम्
अलोज़् याने मुसब्बर बुकनी की हुई	१॥०	ड्राम्
मर बुकनी की हुई	१॥०	ड्राम्
ज़अ्फ़रान् याने केशर	१॥०	ड्राम्
कम्पौगड टिङ्क्चर् आव् कार्डेमम्	७	औन्स
पानी टपकाया हुआ	१॥०	पैगट

जेठीमध का सत् और कार्बोनेट् आव् पोटास् और मुसब्बर और मर और ज़अ्फ़रान् इन् सब को पानी में पकावे. जब कि एक पैगट पानी रह जावे, तब इस को छान लेवें. और इस

छानी ऊई चीज़ में कम्पौण्ड (टिञ्चयूर आव् कार्डैमम्) मिलावे.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
डिकाक्टम् अमिलै।	डिकाक्सन् आव् ष्टार्च।

ष्टार्च	... .	४ ड्राम्
पानी	... .	१ पैण्ट

ष्टार्च को आहिस्ते आहिस्ते पानी से मिलाय कर फ़िर थोड़ी देर तक खौलावे.॥

लाटिन।	अंग्रेज़ी।
डिकाक्टम् शीट्रारिई।	डिकाक्सन् आव् लिवरवर्ट।

लिवरवर्ट	... .	५ ड्राम्
पानी	... .	१॥० पैण्ट

पानी में लिवरवर्ट को पकावे, जव् एक पैण्ट रह जावे, तब छान लेवे.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
डिकाक्टम् चिमाफ़िली।	डिकाक्सन् आव् विराटर ग्रीन अर पैरोला।

पैरोला ...	....	१ औन्स
पानी टपकाया हुआ	......	१॥० पैराट

पानी में पैरोला को पकावे. जव एक पैराट रह जावे. तव छान लेवें॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
डिकाक्टम्।	डिकाक्सन् आव्।
सिन्कोनी कार्डिफोलिई	हार्टलीवड सिन्कोना
सिन्कोनी लान्सि फोलिई	लान्सलीव्ड सिन्कोना
सिनकोनी आवलाङ्गि फोलिई	आब्लांगलीव्ड सिन्कोना

इन् तीनो की तर्कीव् एकही है।

सिनकोना की छाल कि उसको वार्क कहते हैं कुटी हुई ...	१० ड्राम
पानी टपकाया हुआ	१ पैराट

वार्कि को एक वर्तन् मैं हल्का ढकना से वन्द् करके दश मिनिट् खौलाके गरमागरम छान लेवैं॥

लाटिन। अंग्रेज़ी।

डिकाक्टम हैडोनिई। डिकाक्सन् आव कुईन्स (सिड्स)।

हिन्दी।

विही दाने का काढा।

विही के बीज .... २ ड्राम्

पानी टपकाया हुआ ...... १ पैण्ट

इन् दोनो को धीमी आँच से दश मिनिट् तक पकाकर छान लेवैं॥

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

डिकाक्टम् हल्कामारी। डिकाक्सन् आव् बाडीनैट् सेड्।

बाडी नैटसेड कला किया हुआ १० ड्राम्

पानी टपकाया हुआ ...... १॥० पैण्ट

इन् दोनो को पकावे जब् कि आधा पैण्ट पानी उबल् जावे तब् इस को छान लेवैं॥

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

डिकाक्टम् ग्रानाटै। डिकाक्सन् आव् पम्ग्रानेट्।

हिन्दी।

अनार का काढ़ा।

अनार का छाल ... . २ औन्स

पानी टपकाया हुआ... ...... १॥० पैण्ट

इन् दोनो को पकावे, जब् कि एक पैण्ट रह जावे, तब् छान लेवेँ,॥

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

डिकाक्टम् हार्डिआई। डिकाक्सन् आव बार्ली।

फार्सी।

आशजौ।

पर्ल बार्ली यानी बिलाती जौ २॥० औन्स

पानी ... . ४॥० पैण्ट

पर्ल बार्ली को ठण्डे पानी से धोकर आधे पैण्ट पानी मेँ थोड़ी देर तक् पकाकर पानी को फेंका

देवे. और जो चार पैगट पानी बाकी रहे उस् को खूब गर्म करके (पर्ल बार्ली) पर डालके पकावे. जब कि आधा पानी य्या दो पैगट ज्वल् जावे. तब इस् को छान लेवें. ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
डिकाकटम् हार्डिआई काम्पासिटम्॥	कम्पौगड डिकाक्सन् आव् बार्ली॥

हिन्दी।

आशजौ का मिलाया हुआ जोशान्दः ॥

पर्ल बार्ली का जोशान्दः ……	२	पैगट
अञ्जीर कत्ला किया हुआ …	२॥०	औन्स
जेठी मधका जड कत्ला और कुत्ला की हुई …… ……	५	ड्राम
बीज निकाला हुआ मुनका य्याने किशमिश ……	२॥०	औन्स
पानी … …… ……	१	पैगट

इन सब चीजों को मिलाकर पकावे. जब कि

एक पैण्ट पानी ज्वल् जावे, तव् इस् को छान लेवँ ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
डिकाक्टम माल्बी काम्पा सिटम ॥	कम्पौण्ड डिकाक्सन् आव् माल्बा ॥

हिन्दी।

खत्मी का काढा मिलाया ऊआ ॥

सूखा ऊया माल्बा य्याने खत्मी ...	१ औन्स
केमोमाइल ओर य्याने वावूने का फूल सुखलाया ऊआ	||० औन्स
पानी	१ पैण्ट

इन् दोनो को पानी मेँ पाव् घण्टे तक् पका कर छान लेवँ ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
डिकाक्टम् पापाविरिस ॥	डिकाक्सन् आव पापी।

हिन्दी ।

पोस्त की ढेढी का काढा ।

कत्ला हुआ पोस्त ...	......	४ औन्स
पानी	......	४ पैग्ट

पानी में पोस्त को पाव घग्टे तक् पकाके छान् लेवें. ॥

लाटिन् ।	अंग्रेज़ी ।
डिकाक्टम् कार्कस् ।	डिकाक्सन् आव् ओक् (वार्क) ।

हिन्दी ।

वालूट् की छाल का काढा ।

ओक् वार्क य्याने वालूट् की छाल कुट्टी हुई	१० ड्राम्
पानी टपकाया हुआ	२ पैग्ट

पानी में छाल को पकावे, जब कि आधा पानी ज्वल् जावे, तब इस् का छान लेवें. ॥

लाटिन् ।	अंग्रेज़ी ।
डिकाक्टम् सार्जी ।	डिकाक्सन् आव् सार्स-पारिल्ला ।

हिन्दी ।

उसवः य्याने सालसे का काढा ।

सालसा काला किया ऊआ …… ५ औन्स
खौला ऊआ टपकाया पानी …… ४ पैराट

इन् दोनो को वर्तन् मेँ वन्द करके आग के पास चार घराटे तक रहने देवे. वाद इस् के (सार्सा-पारिल्ला) को पानी से निकाल कर और कुचलके फिर इसी पानी मेँ डाल कर और दो घराटे तक् आग के पास रहने देवे इस के वाद इन् दोनो को पकावे. जव कि आधा पानी ज्वल् जावे तव् इस को छान लेवेँ.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
डिकाक्टम सार्जी कामपासिटम्।	कम्पौराड डिकाक्सन् आव् सार्सापारिल्ला।

हिन्दी।

सालसे का काढ मिलाया ऊआ।

सालसे का काढा खौला ऊआ …… ४ पैराट
सासाफ्रास काला की ऊई …… १० ड्राम
ग्वाकम की लकड़ी की छीलन् … १० ड्राम्
जेठीमध कुटी ऊई …… …… १० ड्राम्

मिज़ेरियन् ... . ३ ड्राम

इन् सब को पाव घरण्टे तक् पका के छान लेवें.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
डिकाक्टम् स्कोपारिआई कम्पासिटम्।	कम्पौगड डिकाक्सन् आव् ब्रुम्।

ब्रुम् ... . ||० ड्रैाम्स

जुनिपर ... . ||० ड्रैाम्स

डाणिडलैएन् .... |० ड्रैाम्स

पानी टपकाया हुआ ...... १||० पैएट

इन् सब को पानी में पकावे, जब एक पैएट रह जावे, तब छान लेवें॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
डिकाकटम् सेनिगी।	डिकाक्सन् आव् सेनीगा।

सेनीगा की छाल ... . १० ड्राम्

पानी टपकाया हुआ ...... २ पैएट

पानी में सेनीगा की छाल को डाल कर आग पर

पकावे, जब कि आधा पानी ज्वल् जावे, तब इस को छान लेवें.॥

लाटिन्।	अंग्रेजी।
डिक्‌क्टम् टार्मिरिटल्ली।	डिकाक्सन् आव् टार्मिरिटल।

टार्मिरिटल् कुट्टी हुई …… २ औन्स
पानी टपकाया हुआ …… १॥० पैराट

पानी में टार्मिरिटल डाल् कर आग पर पकावे जब कि एक पैराट रह जावे, तब छान लेवें.।

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
डिकाक्टम् अलमै।	डिकाक्सन् आव् एल्म (वार्क)।

एल्म की ताजी छाल कुट्टी हुई २॥० औन्स
पानी टपकाया हुआ …… २ पैराट

पानी में छाल को पकावे, जब कि आधा पानी ज्वल् जावे, तब इस को छान लेवें.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
डिकाक्टम् युवी अर्से।	डिकाक्सन् आव् ह्वार्टलवेरी।

ह्वार्टलवेरी कुच्ली हुई	१ औन्स
पानी टपकाया हुआ	१॥० पैग्ट

पानी में ह्वार्टलवेरी डाल कर आग पर पकावे, जब कि एक पैग्ट रह जावे, तव छान लेवें॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
डिकाक्टम् विराड्डै।	डिकाक्सन् आव् ह्वैट हेलेवार।

हिन्दी।

सफेद् कुट्की का काढ़ा।

ह्वैट हेलेवोर यानें सफेद् कुटकी कुच्ली हुई	१० ड्राम्
पानी टपकाया हुआ	२ पैग्ट
रिक्टिफैड स्पिरिट्ट आव् वैन नापा हुआ	३ औन्स

पानी में (हेलेवोर) को पकावे, जब आधा पानी उबल् जावे, और जब यह गाढ़ा चीज़ ठण्ढा हो

जावे. तब उस में (रिकटिफ़ैड् स्पिरिट् आव् वैन्) मिलावे. और निचोड़ के छान लेवें. ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
एम्प्लाष्ट्रा।	प्लाष्टर्स।

हिन्दी।

पट्टी।

मुरक्किब् का बयान जो दवा कि पट्टी के वास्ते बनती हैं और वह मरहम से सख्त होती है उस को अंग्रेज़ी ज़बान् में (प्लाष्टर) कहते हैं॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
एम्प्लाष्ट्रम् अम्मोनिसै।	प्लाष्टर आव् अम्मोनीएकम्।

अम्मोनिएकम् याने उसक ... ५ औन्स
डिष्टिलेड् विनिगर ... . ८ औन्स

अम्मोनिएकम् को सिर्के में गलाय कर धीमी आंच से सुखलावे. और चलाते रहे जब तक् काबिल पट्टी बनाने के न होजावे.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
एम्प्लाष्ट्रम अम्मोनै-सै कम हैड्राजिरो।	प्लाष्टर आव अम्मोनीएकम् विद् मर्क्यूरी।

हिन्दी ।

उसक् और पारे की पट्टी ।

उसक्	१ पौण्ड
साफ किया पारा तोला हुआ ...	३ औन्स
ओलिव् आइल य्याने जलपाई का तेल नापा हुआ ...	१ ड्राम्
गन्धक	८ ग्रेन्

गन्धक को गरम तेल में थोड़ा थोड़ा करके डाले और दस्ते से चलाते रहें मिल जाने के बाद पारा डाल कर घोंटते रहे जब तब तक् रवा न मालूम देवे. फिर अम्मोनिएकम् को गलाय कर इस मिली हुई चीज़ में थोड़ा थोड़ा डाल कर मिलावें.॥

लाटिन् ।	अंग्रेज़ी ।
एम्प्लाष्ट्रम् वेल्लाडान्नो ।	प्लाष्टर आव् डेड्लीनैट-शेड् ।

प्लाष्टर आव रेजीन्	३ औन्स
एक्सट्राक्ट आव् वेल्लेडाना	१॥० औन्स

पानी के अन्दर में प्लाष्टर को गलावे. और एक्सट्राकट छोड़ कर उसी में मिलावें.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
एम्प्लाष्ट्रम् क्यान्थारिडिस्।	प्लाष्टर आव् क्यान्थारिडीज़्।

हिन्दी।

तेली मखी की पट्टी।

तेली मखी की वारीक बुकी ······	१	पौण्ड
मोम की प्लाष्टर ······ ······	१॥०	पौण्ड
साफ़ की हुई चर्वी ··· ······	॥०	पौण्ड

प्लाष्टर और चर्वी को एक साथ वर्तन में पिघ्ला कर आग पर से उतार लेवें. और जब कि ठण्ढा होने पर आवे और गाढ़ा होने लगे तब उसमें तेला मखी की बुकी थोड़ी थोड़ी डाल कर मिलावें.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
एम्प्लाष्टर सीरी॥	वाक्स प्लाष्टर।

हिन्दी।

ज़र्द मोम की पट्टी।

मोम··· ······ ······	३	पौण्ड

साफ़ की हुई चर्वी ...... ३ पौगड
जर्द धूना ... . १ पौगड

इन तीनों को एक साथ आँच पर पिघ्लाकर छान लेवें ॥

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

एम्प्लाष्ट्रम् ग्याल्बावानै। प्लाष्टर आव् ग्याल्बानम।

ग्याल्बानम् याने किन्ना। ..... ८ औन्स
प्लाष्टर आव लेड् ... . ३ पौगड
टार्पिराटैन् .... १० ड्राम
धूना जो (सनोवर) से निकला है तुर्की किया हुआ ...... ३ औन्स

किन्ना और टार्पिराटैन को एक साथ आँच पर पिघ्लाके और इस में धूने को मिलाकर इस मिलाई हुई चीज़ में (लेड् प्लाष्टर) को पिघ्ला कर इस में डाल कर धीमी आँच से इन सब चीजों को मिलावें ॥

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

एम्प्लाष्ट्रम् हैड्राजिरै। मर्क्यूरीएल प्लाष्टर।

हिन्दी।

पारे की पट्टी।

साफ़् किया पारा तोला हुआ ...	३	ड्रैम्स
ओलिव आइल् याने जलपाई का तेल नापा हुआ	१	ड्राम्
प्लाष्टर आव् लेड	१	पौण्ड
गन्धक	८	ग्रेन्

गर्म तेल में गन्धक को थोड़ा थोड़ा करके मिलावे. और चलाते जावे. जब खूब मिल जावे, तब उसी के साथ पारे को घोंटे कि रवा बेमालूम होजावे. फेर (प्लाष्टर आव् लेड्) को धीमी आँच से पिघ्ला के थोड़ा थोड़ा करके छोडे. और सब को खूब मिलावें. ॥

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

एमप्लाष्टरम् ओपिआइ। प्लाष्टर आव् ओपिअम्।

हिन्दी।

अफ्यून की पट्टी।

अफ्यून बुक्नी की हुई	॥०	औन्स
धूना जो सनोवर से निकला है बुक्नी किया हुआ	३	औन्स
प्लाष्टर आव् लेड्	१	पौण्ड

पानी ······ ······ ······ ८ औन्स

(प्लाष्टर आव लेड्) को गलाकर इस में धूना और अफ़ून और पानी छोडे. और धीमी आँच से जलावे. ता कि गाढ़ा और लायक पट्टी बनाने के होजावे.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
एमप्लाष्ट्रम् पैसिस्।	प्लाष्टर आव् पिछ।

(वर्गन्डीपिछ) य्याने राल् ······	२	पौण्ड
धूना जो सनोवर से निकला है ···	१	पौण्ड
ज़र्द धूना ··· ······ ······	४	औन्स
मोम ······ ······ ······	४	औन्स
जायफल का तेल नापा हुआ······	१	औन्स
जलपाई का तेल नापा हुआ ······	२	औन्स
पानी ······ ······ ······	२	औन्स

रील और धूना और मोम को एक साथ पिघ्ला कर इस् में जो धूना कि सनोवर से निकला है डाल कर मिलावे. और इस् मिलाई हुई चीज़ में जायफल् का तेल और जलपाई का तेल और

पानी थोड़ा डाल कर मिलाके धीमी आँच से उबलावँ. ताकि काबिल पट्टी के होजावे.॥

लाटिन। अंग्रेज़ी।

एम्प्लाष्ट्रम् प्लम्बै। प्लाष्टर आव् लेड्।

हिन्दी।

मुर्दारसङ्ग वगैरह की पट्टी।

मुर्दारसङ्ग यानै आक्सैड आव् लेड् की बारीक बुकनी	६ पैाउड
जलपाई का तेल	८ पैाउट
पानी	२ पैाउट

इन् तीनों चीज़ों को एक बर्तन् में रखकर धीमी आँच से पकावे. और जब् तक् कि यह तीनो चीजें अच्छी तरह न मिल्जावे. और काबिल पट्टी बनाने के न होजावँ. तब् तक् हिलाते रहैं और अगर पकाते वक्त तैयार होने के आगे पानी सब उबल् जावे. तो चाहिये. की और खौला ऊआ

पानी इस् मेँ मिलावेँ. ताकि एचीज़ ज्वले न पावेँ. ॥

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

एम्प्लाष्ट्रम् रेजिनी। प्लाष्टर आव् रेज़िन।

हिन्दी॥

लस्दार पट्टी॥

धूना ... . ॥० पौण्ड

प्लाष्टर आव् लेड ...... ३ पौण्ड

लेड्प्लाष्टर को धीमी आँच से पिघ्लावे. और इस् मेँ धूने की बुक्नी डालकर मिलावेँ.॥

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

एम्प्लाष्ट्रम् सापोनिस्। प्लाष्टर आव् सोप्।

हिन्दी।

सावुन की पट्टी।

सावुन कच्चा किया हुआ ...... ॥० पौण्ड

लेड्प्लाष्टर .... ३ पौण्ड

इन् दोनोँ को आँच पर पिघ्लावे. और जब तक्

कि यह दोनो न मिलजावे. और काविल पट्टी के न होजावे. तब तक आँच करते रहै॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
ईनीमेटा।	ईनिमा।

हिन्दी।

पिच्कारी का दवा।

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
इनिमा अलोइज़।	इनिमा आव् अलोज़्।

मोसब्बर ··· ······ ······	२ स्क्रुपल्
कार्बोनेट् आव् पोटास् ······	१५ ग्रेन्
डिकाक्सन आव वार्ली ······	‖० पैण्ट

इन् तीनों को एक साथ घोंट कर मिलाव.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
इनिमा कालोसिन्थिडिस्।	इनिमा आव कालोसिन्थ।

कम्पौण्ड एक्सट्राकट आव् कालोसिन्थ ··· ······	२ स्क्रुपल्
नर्म साबुन ······ ······	१ औन्स
पानी ··· ······ ······	१ पैण्ट

इन तीनों को एक साथ घोंटकर मिलावे.॥

लाटिन।　　　　　　अंग्रेज़ी।

ईनिमा ओपिआई।　　इनिमा आव् ओपिअम्।

डिकाक्सन् आव् ष्टार्च　······　४　औन्स

लाडेनम्　······　······　३०　मिनिम्

इन् दोनो को एक साथ मिलावे.॥

लाटिन्।　　　　　　अंग्रेज़ी।

इनिमा 'तवासै।　　　इनिमा आव् तोवाको।

तम्बाक् की पतियाँ ···　······　१　ड्राम्

खौलता ऊआ पानी ···　······　१　पैराट

इन् दोनो को वर्तन् में वन्द करके एक घराटे तक् भिङ्गाकर छान् लेवें.॥

लाटिन्।　　　　　　अंग्रेज़ी।

इनिमा टिरैविन्थिनी। इनिमा आव् टर्पैराटाइन।

टर्पैराटाइन् आइल ···　······　१　औन्स

अंडो की जर्दी जितना कि दर्कार होवे.

इन् दोनो को एक साथ घोंटकर १७ औन्स डिकाक्सन् आव् वार्ली डालकर मिलावें.॥

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

एक्सट्राक्टा। एक्सट्राक्टस।

हिन्दी।

सत्।

मुतर्जिम का बयान।

नबातात् कि जिस् चीज् को कि पानी मेँ पका कर छान् लेवे. और इस् पानी को ज्वलाकर गाढी चीज् को रख् लेवे. इसी चीज् को अंग्रेज़ी ज़बान् मेँ एक्सट्राकट और अरबी मेँ जौहर और हिन्दी मेँ सत् और संस्कृत मेँ सार कहते हैं हरएक एक्सट्राक्ट इसतौर से बनाते हैं कि काढे या खेसान्दे को एक चौडे. और उथले बर्तन मेँ डाल कर पानी के अन्तर मेँ रखकर ऐसा गाढा करैं कि एक्सट्राकट से गोलियाँ बन्ध सके और जब् कि एक्सट्राकट गाढा होने पर आवे. तब् उस्को घोंट के रख् लेवैं.॥

जिस् (एक्सट्राक्ट) को नरम् रखा चाहैं उस् पर थोड़ा (स्पिरिट् आव् वैन्) कभी कभी छिड़कते रहैं ताकि वह चीज् बिगेड़ने न पावे. ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
एक्सट्राक्टम् अलोईज पुरिफैकेटम्।	प्युरिफैड एक्सट्राक्ट् आव् एलोज्।

हिन्दी।

मुसब्बर यानें एलुए का सत् साफ़ किया हुआ।

मुसब्बर वुक्नी की हुई	......	१५ औन्स
खोलता हुआ पानी	......	८ पैंगट

पानी में मुसब्बर को डालकर आग के पास या धूप में तीन दिन तक रखे और इस् को छान कर रख छोड़े. जब् कि इस् की गाद् वैठ जावे. तब ऊपर का साफ पानी को ढल्का कर बाकी जो रहा उस् को धीमी आंच से जलाके सत् के मुवाफ़िक् गाढ़ा कर लेवे. ॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
एक्सट्राक्टम बेल्लाडान्नी।	एक्सट्राकट आव् डेड-लीनैटशेड्।

अर्बी।	हिन्दी।
अनबुस्सालिब।	मको का सत्।

बेलाडाना की हरी पत्तियाँ ...... १ पौण्ड

पत्थर के खरल में इन् पत्तियों पर थोड़ासा पानी छिड़क कर कुटावे. और इस् में से रस को निचोड़ कर आँच पर रख् के सूखावे. ताकि रस गाढ़ा होवे.॥

लाटिन् ।	अंग्रेज़ी ।
एक्सट्राक्टम सिन्कोनी—	एक्सट्राक्ट आव्—
—कार्डिफोलिई	—हार्टलिव्ड सिन्कोना
—लान्सिफोलिई	—लान्सिलीव्ड सिन्कोना
—आव्लाङ्गिफोलिई।	—आव्लाङ्गलीव्ड— सिन्कोना।

इन् तीनों के बनाने की तरकीब् एकही है।

सिन्कोना के छिल्का कुट्टी हुई १५ औन्स

टप्काया हुआ पानी ...... ४ ग्यालन्

एक ग्यालन् पानी में छिल्काको पकावे. जब छै पौण्ड पानी रहजावे. तब गर्मागर्म छाँन लेवे. इसी तरह और तीन दफा पकाकर इन् पानियों को मिलावे. और आँच पर रख के उबलावे ताकि सत् के समान गाढ़ा होजावे.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
एक्सट्राक्टम् कालिच-साई असिटिकम्।	असेटिक् एक्सट्राकट आव्-मेडोसाफ़रन्।

मेडोसाफ़रन् की ताज़ी गाँठ ... १ पौण्ड
असेटिक् असिड् .... ३ औन्स

गाँठ पर थोड़ा थोड़ा असिड् छिड़क् छिड़क् कर कुच्लावे तब रस निचोड़ लेवे. और मिट्टी के बासन में जिस् में शीशे का रोगन न होवे. उस् में रख् कर उबलावे ताकि गाढ़ा होजावे.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
एक्सट्राक्टम कालचिसाई कार्मै।	एक्सट्राकट मेडोसा-फ़रन् (कार्मस)।

मेडोसाफ़रन् की ताज़ा गाठ ... १ पौण्ड

गाँठ पर थोड़ा पानी छिड़का कर कुच्लाव. और रस निचोड़ कर उबलावे. ताकि गाढ़ा होजावे.॥

लाटिन।	अंग्रेज़ी।
एक्सट्राक्टम् कालोसिन्थिडिस्।	एक्सट्राक्ट आव् कालोसिन्थ।

अर्बी।	हिन्दी।
औहरुल् हन्जल्।	इन्द्रायन का सत्।

इन्द्रायन कत्ला किया हुआ ...... १ पौण्ड
पानी टपकाया हुआ ...... २ ग्यालन्

इन् दोनों को मिलाकर धीमी आँच से छः घण्टे तक् पकावे, जब कि आधा पानी जल् जावे, तब् इस् को छान लेवें, और इस् छानी हुई चीज़् को सुखावे, ताकि जो सत कि इस् में मिला हुआ है सो गाढ़ा होजावे.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
एक्सट्राक्टम कालोसिन्थिडिस-काम्पासिटम्।	कम्पौण्ड एक्सट्राक्ट आव् कालोसिन्थ।

हिन्दी।

इन्द्रायन का सत् मिलाया हुआ।

इन्द्रायन कत्ला किया हुआ ...... ६ औन्स
प्युरिफैड एक्सट्राक्ट आव एलोज़् १२ औन्स

स्केम्मोनी य्याने महमूदे की बुक्नी ···	४	औन्स
इलायची की बुक्नी ··· ······	१	औन्स
रूख़ सावुन ······ ······	३	औन्स
प्रुफ़ स्पिरिट् य्याने स्पिरिट् आव् वैन् कि जुस् में पानी मिलाया हुआ है ······ ······	८	पैण्ट

इन्द्रायन के गूदे को (प्रुफ़ स्पिरिट्) में डाल कर चार रोज़ तक् आग के पास रख कर छान लेवें. और इस् छानी हुई चीज़् में मुसब्बर और महमूदा और सावुन मिलावे तिस् पीछे (स्पिरिट् आव् वैन्) को सुखावे. ताकि जो सत् कि इस् में मिला हुआ है सो गाढा होजावे. और सत् को गाढा होने के बाद इलायची की बुक्नी को मिलावे.॥

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

मुक्स्ट्राक्टम् कोनिआई। एक्स्ट्राक्ट आव् हेम्लाक्।

अरबी।

औहरुश्शैकरान।

कोनिअम् की हरी पत्तियाँ ······ १ पौण्ड

इन् पत्तिया को पत्थर के खरल म पीसे और इन् पर थोड़ा थोड़ा पानी छिड़के और इस के वाद रस को निचोड़ कर पानी को सुखलावे. ताकि रस गाढ़ा होजावे.॥

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

एक्सट्राक्टम डिजिटालिस्। एक्सट्राक्ट आव् फाक्सग्लोव्।

डिजिटालिस् की ताज़ी पत्तियाँ ...... १ पौराड

इन् पत्तियाँ को पत्थर के खरल में पीसे और इन् पर थोड़ा थोड़ा पानी छिड़के और इस् के वाद रस को निचोड़ कर पानी को सुखलावे. ताकि रस गाढ़ा होजावे॥

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

एक्सट्राक्टम् इलाटिरीआई। एक्सट्राक्ट आव् इलाटिरीअम।

अर्बी।

औहरुल के सायलवरी।

हिन्दी।

वनखीरे का सत्।

इलाटिरीअम् को कल्ला करके वक़्त धीरे निचोड़ कर इस के रस को काँच के बर्तन् में बारीक छेद की छल्नी से छान कर कई घण्टे तक् रख् छोड़े. जब कि तलछट्ट इस् में बैठजावे. तब् पानी को निथार कर तलछट्ट को धीमी आंच से या धूप में गाढ़ा करके रख् लेवे.॥

लाटिन्।	अंग्रेज़ी।
एक्सट्राक्टम जिन्सिआनी।	एक्स्ट्राक्ट आव् जिन्सिएन।

अरबी।

औहरुल जिन्सियाना।

जिन्सिएन् कल्ली की कूई ···	२॥०	पौण्ड
टपकाया हुआ खौल्ता पानी ···	२	ग्यालन्

जिन्सिएन् को चौवीस घण्टे तक् पानी में भिगा कर पकावे. जब् कि आधा पानी जल् जावे. तब् इस् को छाँन कर सुखलावे. ताकि जो सत् कि पानी मेलआया हुआ है सो गाढ़ा होजावे.॥

लाटिन्। अंग्रेज़ी।

एक्सट्राक्टम् ग्लिश्शौरैज़ी। एक्सट्राक्ट आव् लै कोरिस्।

अरबी।

जोहरुल असलसूस।

हिन्दी।

जेठीमध का सार य्याने मुलहटी का सत्।

मुलहटी कच्चा की कुई ...... २॥० पौण्ड
टपकाया हुआ खौला पानी २ ग्यालन्

मुलहटी की जड़ को चौवीस घण्टे तक् पानी मैं भिगाकर पकावे. जव् कि आधा पानी ज्वल जावे तव् इस को छान कर सुखावे. ताकि जो सत् पानी मैं मिला हुआ है सो गाढ़ा होजावे.॥

लाटिन। अंग्रेज़ि।

